# कार्यालय पुलिस उपायुक्त अपराध, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

**दिनांक-25.01.2025**

## प्रेस नोट

## डीएवी पीजी कॉलेज में आइक्यूएसी के अंतर्गत संचालित यूजीडीसीए, कंप्यूटर सेंटर में साइबर सिक्योरिटी पर कार्यशाला

भारत सरकार के गृह मंत्रालय के साइबर जागरूकता पर दिये गये आदेशों निर्देशों के मद्देनजर तथा श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा दिये गये आदेश के क्रम में डीएवी पीजी कॉलेज में आइक्यूएसी के अंतर्गत संचालित यूजीडीसीए, कंप्यूटर सेंटर के तत्वावधान में चल रहे साइबर सिक्योरिटी पाठ्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को साइबर सुरक्षा पर एक दिवसीय परिचर्चा (कार्यशाला) का आयोजन हुआ जिसमें 300 से अधिक छात्र व छात्राओं तथा इसमें महाविद्यालय के मंत्री/प्रबंधक अजीत कुमार सिंह यादव, महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रो. मिश्रीलाल संयोजन पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. शान्तनु सौरभ, उपाचार्य प्रो. राहुल, प्रो. संगीता जैन, प्रो.सत्यगोपाल जी, प्रो. संजय साह सहित विभाग के कावेरी शर्मा, संध्या श्रीवास्तव, रोजीना बानो आदि विभागों के प्राध्यापक सहित महाविद्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा उपरोक्त कार्याशाला में प्रतिभाग किया गया।

कार्यशाला में साइबर क्राइम पुलिस थाना वाराणसी के प्रभारी निरीक्षक श्री राजीव कुमार सिंह, ए.एस.आई. श्री श्याम लाल गुप्ता द्वारा साइबर क्राइम होने के तरीक व बचाव के विभिन्न विन्दुओं पर व्याख्यान दिया गया जिसके मुख्य बिन्दु इस प्रकार है –

- हमेशा सुरक्षित वेबसाइट (https://) का उपयोग करें।
- किसी भी ब्राउज़र का उपयोग करने पर Remember Password Option का चयन न करें।
- किसी अनजान के कहने पर कोई भी ऑनलाइन ट्रांसक्शन न करें।
- साइबर कैफे में इंटरनेट का प्रयोग करने के बाद हिस्ट्री अवश्य डिलीट करें।
- कभी भी लॉटरी ईमेल का रिप्लाई न करें।
- अपना पासवर्ड एटीएम पिन इत्यादि किसी को न बताएं।

● कृपया अपनी निजी जानकारी जैसे पासवर्ड नंबर, क्रेडिट/डेबिट कार्ड नंबर ई-मेल के माध्यम से या अन्य किसी माध्यम से प्रेषित ना करें।

● अलग अलग एप्पलीकेशन उपयोग करने के लिए अलग -अलग पासवर्ड का उपयोग करें।

● किसी भी अंजान व्यक्ति द्वारा भेजी गई ईमेल अथवा अन्य सामग्री को डाउनलोड न करें।

● ऑनलाइन लेन-देन के समय लैपटॉप अथवा मोबाईल पर खुली हुयी अन्य ऍप्लिकेशनों को बन्द कर दें।

● अपने लैपटॉप/मोबाइल/आई.डी. कार्ड आदि के खो जाने पर तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज करायें।

● व्हाट्सएप नंबर पर अनजान नंबर से आने वाली वीडियो कॉल को कभी ना उठाएं, अगर वीडियो कॉल उठाई तो आपकी पोर्न क्लिप तैयार की जा सकती है।

**वर्तमान समय में ट्रेडिंग साइबर अपराध में एक---- आपके फोन में भी ऑटो डाउनलोड फीचर है ऑन, 1 click से मोबाइल हो जाएगा हैक और बैंक अकाउंट खाली**

**जो इस प्रकार है -**

Apk File Scam : पिछले कुछ दिनों में आपके वाट्स एप के कई ग्रुपों में डियर वैल्यू कस्टमर, रिवार्ड रुपीज 5,980 इज सक्सेजफुली एक्टिवेटेड एंड विल एक्सपायर टुडेथ्रो एसबीआइ रिवार्ड ..नाऊ रिडीम .. एपीके इंस्टाल एंड क्लेम योर रिवार्ड बाइ कैश डिपाजिट इन योर अकाउंट… जैसे मैसेज देखने को मिल रहे होंगे) इसके साथ एक एपीके फाइल .Apk File Scam) भी भेजी जा रही हैजो असल में एक एंड्राइड . कई लोग लालच में इस .एप्लीकेशन हैं एप्लीकेशन को डाउनलोड भी कर रहे हैं .2.3 एमबी की यह एप्लीकेशन पलक झपकते ही आपके फोन में इंस्टाल हो जाती है… और फिर आपका फोन आपके कंट्रोल से बाहर हो जाता है.

## ***इस तरह होता है Apk File Scam***

साइबर ठग अपने इस नए पैंतरे से लोगों के फोन हैक कर रहे हैंफिर शुरू . होता है ब्लैकमेलिंग और रिश्तेदारों, दोस्तों और करीबियों से रुपये मांगने का सिलसिला ऐसे .में इस ठगी और नई मुसीबत से बचने के लिए आपको बेहद अलर्ट रहने की जरूरत हैफोन में एक बार एप्लीकेशन इंस्टाल होने के बाद साइबर . ठग आपके वाट्स एप अकाउंट पर लगी डिसप्ले पिक्चर इसी .को बदल देते हैं (डीपी) के साथ आप जिन-जिन ग्रुपों से जुड़े हैं, उनके एडमिन है, उनका नाम और प्रोफाइल पिक्चर बदल जाता हैसाइबर एक्सपर्ट . बताते हैं कि, ठग समयसमय पर- अपना पैंतरा बदलते रहते हैंजिससे लोगों को झांसे में लेकर आसानी से . ठगा जा सकेइस समय एपीके फाइल को भेजकर लोगों के फोन का रिमोट एक्सिस लिया जा . रहा है.

**कैसे बंद करे आटो डाउनलोड ?**

- ऑटो डाउनलोड बंद करने के लिए सबसे पहले वाट्स एप के राइट साइड की तरफ ऊपर की ओर तीन डॉट दिखाई देंगीउन पर क्लिक करने के बाद सेटिंग पर क्लिक . करें.

- इसके बाद स्टोरेज एंड डाटा पर क्लिक करेंवहां नीचे की तरफ व्हेन . यूजिंग मोबाइल डाटा का आप्शन दिखाई देगा उस पर क्लिक करने के बाद फोटो, आडियो, वीडियो और डाक्यूमेंट के विकल्प दिखाई देंगेएक-सभी के आगे एक . बॉक्स बना होगा सभी बॉक्स पर लगे सही के निशान को हटा दें.
- ठीक इसी तरह से आपको व्हेन यूजिंग मोबाइल डाटा के ठीक नीचे दिख रहे व्हेन कनेक्टेड आन वाईफाई और व्हेन - .रोमिंग वाले आप्शन में भी करना है इससे आपका ऑटो डाउनलोड बंद हो जाएगा.

**<u>कैसे लगाएं टू स्टेप वैरिफिकेशन</u>**

- टू स्टेप वैरिफिकेशन के लिए आपको पहले की तरह तीन डॉट पर क्लिक करना होगाइसमें सबसे नीचे सेटिंग के . इसके बाद अकाउंट के .आप्शन में आना है आप्शन पर क्लिक करें.
- इसमें टू स्पेप वेरिफिकेशन वाले आप्शन पर क्लिक करना होगाइसे क्लिक . करने के बाद आप अपना पासवर्ड डाल देंइसके बाद हैकर से आप दो कदम आगे हो . जाएंगे.वह उसे हैक नहीं कर पाएगा .

**<u>इस ठगी से बचने के लिए क्या करें ?</u>**

- अपने वाट्सएप में सबसे पहले आटो डाउनलोड बंद कर दें.
- वाट्सएप में टू.स्टेप वैरिफिकेशन को जरूर आन कर लें-
- वाट्सएप के जरिए आई किसी भी एपीके फाइल को डाउनलोड न करें जब तक वह आपके परिचित और भरोसे के व्यक्ति ने न भेजी हो.
- यदि किसी परिचित ने भी एपीके फाइल )Apk File Scam) भेजी है तो एक बार उससे फोन करके जानकारी करें तभी डाउनलोड करें.

**साइबर अपराध से बचाव के साथ-साथ साइबर अपराध होने पर कैसे शिकायत करें, के बारे में बताया कि घटना होने के तुरन्त बाद 1930 या 112 पर तत्काल काल कर अपनी शिकायत दर्ज करायें। या भारत सरकार के साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से जिसका URL- https://cybercrime.gov.in/ पर शिकायत करें या यू.पी. पुलिस का UPCOP APP के माध्यम से E- F.I.R करें या जनसुनवाई पोर्टल - https://jansunwai.up.nic.in/ पर करें तथा मैनुअल रूप में नजदीकी थाने जाकर थाने पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क अथवा साइबर सेल/साइबर क्राइम थाना पर भी शिकायत कर सकते है।**

साथ ही - , काशी हिन्दू विश्वविद्यालय विधि संकाय केविशिष्ट वक्ता बीएचयू, लॉ विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मयंक प्रताप, वरिष्ठ अधिवक्ता अनुपम द्विवेदी द्वारा सूचना प्रोद्योगिकी एक्ट 2000 व 2008 पर विस्तारपूर्वक तथा साइबर अपराध के लिगल एस्पेक्ट के संबन्ध में बताया गया ।

**प्रभारी निरीक्षक**

**साइबर क्राइम पुलिस थाना, कमिश्नरेट वाराणसी।**